तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 30 मई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 कोमाखान से खट्टी मार्ग के दोनों ओर कटीली ....



14 शहर में बरसात पूर्व नालियों की सफाई ...



## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम कसडोल में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बलौदा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गोवर्धन भोई निवासी ग्राम कसडोल ने बताया कि 28 मई की रात को वह अपने घर में था, तभी उसके मामा के लड़के वासुदेव प्रधान ने फोन करके बताया कि नारायण प्रधान घर आकर विवाद कर रहा है। जब प्रार्थी वासुदेव प्रधान के घर गया तब आरोपी नारायण प्रधान के द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** तुमगांव में महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बोदरा निर्मलकर वार्ड नं0 10 राम सागर पारा तुमगांव ने बताया कि उसके घर की बाडी में आम का पेड़ है, जिसमें लगे आम को बंदर ना खाये सोचकर बाड़ी के बाउंड्री वाल में कांटा को रखा है। जिसका कांटा टूटकर गली में गिर जाता है। जिस पर पड़ोसी लोकेश निर्मलकर 28 मई के करीब 12 बजे उसकी बाड़ी के बगल के गली से गुजरते हुए गाली गलौज करने गा। जब उसने गाली गलौज को लेकर सवाल किया तब आरोपी मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक घायल

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन द्वारा अचानक ब्रेक मार देने से पीछे आ रहा ट्रक टकरा गया, जिससे चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गयाहै। पुलिस को विनय वर्मा निवासी सिरगिट्टी जिला बिलासपुर ने बताया कि उसका स्वयं का 16 चक्का का ट्रक क्रमांक सीजी10 बीएस 3100 है जिसका चालक बलवीर सिंह है। वह 19/05/2026 को जजपुर ओडिशा से सामान खाली कर बिलासपुर के लिए आ रहा था। 20/05/2026 को ग्राम रूढा बाजार के पास एनएच 53 रोड में सामने चल रह अज्ञात ट्रक के चालक द्वारा अचानक ब्रेक मारने से उसका ट्रक पीछे से टकरा गया। जिससे उसके ट्रक के सामने का भाग क्षतिग्रस्त हो गया है तथा चालक के पैरों में चोटें आयी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 2.28 करोड़ का धान घोटाला, बम्हनी और नरसैयापल्लम मामले में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड अंतर्गत कृषि साख सहकारी समिति आरंगी के अधीन संचालित धान खरीदी केंद्रों में करोड़ों रुपए के धान घोटाले का मामला सामने आने के बाद बम्हनी और नरसैयापल्लम दोनों धान खरीदी केंद्रों में करोड़ों रुपए के धान गबन के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, उपार्जन केंद्र बम्हनी में खरीदी प्रभारी गंगाधर जगत के खिलाफ 3742 क्विंटल धान घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। इस धान की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 16 लाख 200 रुपए बताई गई है। वहीं नरसैयापल्लम धान खरीदी केंद्र में 3642.72 क्विंटल धान के गबन का मामला सामने आया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 12 लाख 92 हजार 432 रुपए आंकी गई है। इस मामले में नरसैयापल्लम केंद्र के प्रबंधक महेंद्र प्रधान के खिलाफ भी बसना थाना में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों मामलों में पिरदा शाखा प्रबंधक उसत प्रधान द्वारा जांच प्रतिवेदन के साथ 26 मई को बसना थाना में लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया। खास बात यह है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा पिरदा शाखा के लिए डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

## करोड़ों के गबन से मचा हड़कंप, कई अन्य कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध

### एक ही सोसायटी के दो केंद्रों में 2.28 करोड़ का घोटाला

गौरतलब है कि बम्हनी और नरसैयापल्लम दोनों ही धान खरीदी केंद्र आरंगी सोसायटी के अंतर्गत संचालित होते हैं। दोनों मामलों को मिलाकर कुल 2 करोड़ 28 लाख 92 हजार 632 रुपए के धान गबन का मामला सामने आया है।




### आवेदन के आधार पर कार्रवाई



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा पिरदा के प्रबंधक उसत प्रधान का कहना है कि मेरे द्वारा 26 मई को दोनों खरीदी केंद्रों के प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने हेतु आवेदन बसना थाना को दिया गया था, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। वहीं थाना प्रभारी बसना शरद दुबे का कहना है कि बम्हनी और नरसैयापल्लम दोनों मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। नरसैयापल्लम का एफआईआर आज हुआ है।

## अपराध : पार्षद समेत चार गिरफ्तार, निशानदेही पर शव निकाल भेजा पीएम के लिए

# पार्षद को पानी की समस्या बताई तो हत्या कर दफन कर दी लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब पीने के दौरान अपने पार्षद दोस्त को वार्ड में पानी नहीं देने की शिकायत करने पर युवक की हत्या कर दी गई। अपने ही मित्र द्वारा समस्या को लेकर जताई जा रही आपत्ति इतनी नागवार गुजरी की पार्षद ने अपने ही दोस्त को पीट पीटकर मार डाला और लाश को नदी किनारे रेत में दफन तक कर दिया।

मामला है मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम नकटी का। जहां मोनेट कंपनी में ऑपरेटर के पद पर कार्य करने वाला भुनेश्वर यादव पिछले 22 मई से घर से लापता था। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाना में दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस तलाश में जुटी रही।



जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि भुवनेश्वर यादव स्थानीय पार्षद नोहरदास रात्रे, अमित राजपूत और हेमचंद बंजारे के साथ कार क्रमांक सीजी 04 पीएच 9996 में सवार होकर महासमुंद की ओर निकले थे। इसी दौरान उनमें आपस में विवाद हुआ और महासमुंद जिले के नांदगांव के पास महानदी किनारे पहुंचने पर वहां भुवनेश्वर के साथ बेरहमी से मारपीट के बाद उसकी मौत हो गई।





एएसपी प्रतिभा पांडे ने बताया कि चूंकि घटना कोतवाली थाना अंतर्गत घटित हुई थी, इसलिए मंदिर हसौद पुलिस ने कोतवाली पुलिस से संपर्क किया।

कोतवाली थाने में मामले में पुलिस ने पार्षद सहित चार आरोपियों को बीएनएस की धारा 103(1), 238, (5) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। एसएसपी पांडे ने आगे बताया कि उक्त मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपियों की निशानदेही पर शव को बाहर निकाला और पीएम के लिए रायपुर भेजा गया है।

### यह हुआ था उस रात

22 मई की रात मृतक भुवनेश्वर यादव अपने दोस्तों के साथ निकला। शराब पीने के दौरान भुनेश्वर ने अपने पार्षद मित्र नोहरदास रात्रे से कहा कि हमारे वार्ड में पानी की कमी है, तुम पानी क्यों उपलब्ध नहीं कराते? इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरु हुआ। जिसके बाद नोहरदास रात्रे सहित अमित सिंह राजपूत व हेमचंद बंजारे ने हाथ-मुक्के से भुनेश्वर से मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

### इस तरह लगाया लाश को ठिकाने

भुनेश्वर की हत्या के बाद लाश को ठिकाने लगाने के लिए पार्षद नोहरदास ने ग्राम नांदगांव निवासी अपने मामा नांदगांव श्रवणदास रात्रे से संपर्क साधा और जानकारी दी। जिसके बाद चारों ने मिलकर महानदी घाट के किनारे युवक की लाश को दफन किया और फरार हो गए।

### इस तरह पहुंची आरोपियों तक पुलिस

घटना से पहले भुवनेश्वर ने पत्नी से फोन पर बात की थी। इस दौरान मृतक ने उसकी पार्षद से भी बातचीत कराई । इसके बाद भुवनेश्वर का मोबाइल बंद हो गया और वह लापता हो गया। इसी सुराग के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

# दो मामलों में 15 किलो गांजा जब्त, तीन लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक के जरिए गांजा का अवैध परिवहन करने के दो मामलों में कोमाखान थाने में दो और सरायपाली थानेमें एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन मामलों में कुल 15 किलो गांजा बरामद किया गया है।

कोमाखान पुलिस ने बताया कि टेमरी नाका में चेकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि एक काले रंग की बजाज पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीएस 2132 में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। वाहन के वहां पहुंचने पर उसे रोका गया, पूछताछ में मोटर सायकल चालक ने अपना नाम आयुष उपाध्याय पिता संतोष उपाध्याय (26 साल) निवासी वार्ड नंबर 69 महादेव घाट गोकुल धाम के पास रायपुर थाना डीडी नगर रायपुर एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सत्यम तिवारी पिता मिथलेश तिवारी (25 साल) निवासी वार्ड नंबर 64 रिंग रोड नंबर 01 काली मंदिर के सामने कुशालपुर थाना पुरानी बस्ती रायपुर होना बताया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ को नुवापाड़ा ओडिशा से रायपुर में बेचने के लिए लाना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 10.140 किलोग्राम गांजा कीमत 5,07,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### पांच किलो गांजा बरामद

इसी तरह सरायपाली पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर ग्राम उमरिया के पास पहुंचकर संदेही का इंतजार किया, कुछ देर बाद एक व्यक्ति मोटर सायकल एचएफ डिलक्स बिना नंबर से आया, जिसे रोका गया। संदेही ने पूछताछ करने पर अपना नाम ब्रम्हानंद पटेल पिता श्याम कुमार पटेल (40 साल) मेढ़ापाली थाना सरायपाली होना बताये। तलाशी के दौरान बाइक में प्लास्टिक बोरी में भरा हुआ मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 5.190 किलोग्राम गांजा कीमत एक लाख रुपए, बाइक कीमत 50,000 रुपए, दो मोबाइल बरामद किया गया। मामले में आरोपी को धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।



### बिना ड्राइवर की ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**महासमुंद।** बिना ड्राइवर की ट्रक से कुचलकर एक महिला की जान चली गई। मामला है जिले के पटेवा थाना क्षेत्र का। यहां एक चालक ने अपनी ट्रक खड़ी की और सामान लेने चला गया। ट्रक ढलान में था और अचानक वह ढुलने लगा। इस दौरान ट्रक ने सड़क पार कर रही 45 वर्षीय महिला को चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार महिला ग्राम बनबचरी की बताई जा रही है।

## पराली में लगाई आग, चहुंओर धुआं-धुआं...



**महासमुंद।** जिला प्रशासन की सख्ती के बाद किसान अपने खेतों में रबी धान के अवशेष (पराली) को जला रहे हैं। इससे चहुंओर धुआं-धुआं ही नजर आ रहा है। इससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

## विवाह, मुंडन, जनेऊ और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं हो रहे

# नहीं गूंज रही शहनाइयां, शादियों पर विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हिंदू धर्म में शादियों के लिए सबसे पवित्र और शुभ माने जाने वाले ज्येष्ठ महीने में इस बार शहनाइयां नहीं गूंजेंगी। 17 मई से अधिकमास (मलमास) प्रारंभ हो चुका है, जो 15 जून तक चलेगा। इसके चलते आसपास के क्षेत्रों में विवाह, मुंडन, जनेऊ और गृह प्रवेश जैसे सभी मांगलिक कार्यों पर पूरी तरह से विराम लगा हुआ है।



स्थानीय ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष की द्वादशी से अमावस्या तक मासांत दोष लग रहा है। इसके साथ ही 16 मई को ज्येष्ठ अमावस्या पर गुरु और शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण विवाह आदि कार्य पूरी तरह वर्जित हो गए हैं। इस अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के जुड़ने से इस बार हिंदू वर्ष विक्रम संवत 2083 कुल 13 महीनों का होगा। इस अतिरिक्त महीने के कारण साल के उत्तरार्ध में आने वाले प्रमुख त्योहारों का पूरा कैलेंडर खिसक गया है। जिले में अब रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी, पितृपक्ष, नवरात्र, दीपावली और छठ महापर्व पिछले वर्षों की तुलना में 15 से 20 दिन देरी से आएंगे। रक्षाबंधन, 28 अगस्त, गणेश चतुर्थी 14 सितंबर, दशहरा 20 अक्टूबर, दीपावली 8 नवंबर जो कि पिछले वर्ष अक्टूबर में मनाई गई थी।

### 36 दिनों तक नहीं बजेंगी शहनाइयां, तीन चरणों में असर

इस वर्ष मई से दिसंबर तक तीन चरणों में विवाह मुहूर्त प्रभावित होंगे। पहले अधिक मास, फिर गुरु तारा अस्त और उसके बाद देवशयनी एकादशी व चातुर्मास के कारण लंबे समय तक शुभ कार्य नहीं हो सकेंगे। महासमुंद में आखिरी बार 14 मई को शादियां हुईं, जिसके बाद करीब 36 दिनों तक मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। अब सीधे 19 जून से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। इस बीच खाली समय में जिले के विभिन्न मंदिरों और घरों में कथा-भागवत के आयोजन किए जा रहे हैं।

### धार्मिक दृष्टि से विशेष संयोग और समापन

भले ही मांगलिक कार्य बंद हैं, लेकिन धार्मिक दृष्टि से यह समय बेहद महत्वपूर्ण है। 18 मई को सर्वार्थ सिद्धि योग और 19 मई को बुध का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश हो चुका है। आगे 27 मई को पुरुषोत्तम एकादशी और 28 मई को प्रदोष व्रत रहेगा। जून महीने में 11 जून को कमला एकादशी और 12 जून को प्रदोष व्रत के बाद 15 जून को सोमवती अमावस्या के साथ इस पुरुषोत्तम मास का समापन होगा। इसके बाद 17 जून से पुनः शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। पंचांग के अनुसार जून में 19 से 30 जून तक और जुलाई में 1 से 11 जुलाई तक विवाह के कई शुभ लग्न उपलब्ध रहेंगे।

# संभाग स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने डीएलएड परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर सचिव द्वारा दिये गये निर्देशानुसार डीएल प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2026 के निरीक्षण के लिए रायपुर संभाग स्तरीय उड़नदस्ता दल क्रमांक 06 के टीम के दल प्रमुख अजित सिंह जाट सहायक संचालक रायपुर, नंद किशोर सिन्हा सदस्य सहायक संचालक महासमुंद, प्रमोद कुमार कन्नौजे सदस्य एडीपीओ समग्र शिक्षा महासमुंद, विद्या साहू सदस्य एपीसी समग्र शिक्षा के द्वारा महासमुंद जिले में संचालित डीएलएड परीक्षा केंद्र डाइट, पीएमश्री सेजेस पिथौरा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरायपाली के परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि यह परीक्षा 28 मई से 12 जून 2026 तक आयोजित है। परीक्षा सुबह 9.15 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित है। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। परीक्षा की गोपनीयता एवं अन्य आवश्यक जानकारी सहायक संचालक अजित सिंह जाट द्वारा केंद्राध्यक्षों को दी गई।

# शहरी नियोजन सुधारों से निवेश और विकास को मिलेगी नई गति

## भूमि उपयोग, भवन अनुमति और डिजिटल स्वीकृति प्रणाली में होंगे बड़े बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस सुधारों का दायरा अब केवल उद्योग और कर व्यवस्था तक सीमित नहीं रह गया है। अब केंद्र सरकार का फोकस शहरी नियोजन, भूमि उपयोग और निर्माण स्वीकृति प्रक्रियाओं को आधुनिक, पारदर्शी और निवेश-अनुकूल बनाने पर है। इसी दिशा में केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिवालय द्वारा "अनुपालन कमी और विनियमन में ढील" के तहत राज्यों को महत्वपूर्ण सुधार लागू करने की सिफारिश की गई है। इन सुधारों का उद्देश्य शहरों को अधिक लचीला, निवेश-तैयार और आर्थिक गतिविधियों के अनुरूप बनाना है, ताकि उद्योग, आवास, वाणिज्यिक गतिविधियां और आधुनिक शहरी विकास को नई गति मिल सके। राज्यों को "डिमांड-ड्रिवन भूमि उपयोग प्रणाली" अपनाने की सलाह दी है, "जो प्रतिबंधित नहीं है, वह अनुमति प्राप्त है" के सिद्धांत पर आधारित है। इसके तहत प्रत्येक क्षेत्र में केवल प्रतिबंधित गतिविधियों की "नेगेटिव लिस्ट" तय की जाएगी, जबकि अन्य सभी गतिविधियों को स्वतः अनुमति प्राप्त होगी। इस व्यवस्था से भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल और लंबी प्रक्रियाएं कम होंगी तथा निवेशकों को अधिक स्पष्टता और सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार ने भी शहरी नियोजन और निर्माण स्वीकृति प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य में छत्तीसगढ़ भूमि विकास



नियम में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा "फ्लेक्सिबल जोनिंग फ्रेमवर्क" को बढ़ावा देते हुए मिश्रित भूमि उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भूमि उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया हुई सरल और डिजिटल

राज्य सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को भी सरल और डिजिटाइज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों तथा उनकी बाहरी सीमाओं से लगे निर्धारित क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ श्रेणियों की भूमि के व्यपवर्तन के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति की आवश्यकता समाप्त की गई है। साथ ही ऑनलाइन सिंगल विंडो प्रणाली, सभी एनओसी को ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ने तथा निर्धारित समय सीमा में स्वीकृति न मिलने पर डिमांड एप्रुवल जैसे प्रावधानों की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

### आवासीय क्षेत्र में ये उद्योग रहेंगे प्रतिबंधित

संशोधित प्रावधानों के अनुसार आवासीय क्षेत्रों में रेड, ऑरेंज, ग्रीन एवं ब्लू श्रेणी के उद्योगों को प्रतिबंधित किया गया है, जबकि वाणिज्यिक क्षेत्रों में केवल रेड एवं ऑरेंज श्रेणी के उद्योगों पर प्रतिबंध रहेगा। उद्योगों का वर्गीकरण छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों से जुड़े कर्मचारियों के लिए अधिकतम 60 वर्गमीटर तक के किफायती आवास निर्माण की अनुमति दी गई है। इसके लिए अधिकतम एफएआर 2.0 तथा 70 प्रतिशत भू-उपयोग की अनुमति होगी। यह उद्योग आधारित किफायती आवास परियोजनाओं को गति देगी।

### भवन स्वीकृतियों में आएगी पारदर्शिता और तेजी

जानकारी के अनुसार भवन निर्माण स्वीकृतियों में देरी को समाप्त करने राज्य सरकार ने निरीक्षण एवं अनुमोदन प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन कर प्लींथ सर्टिफिकेट, कंप्लीशन सर्टिफिकेट और आक्यूपाई सर्टिफिकेट जारी करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। नए प्रावधानों के तहत निरीक्षण के चार दिस के भीतर किया जाएगा तथा निरीक्षण रिपोर्ट 48 घंटे में प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही तृतीय पक्ष एजेंसियों के माध्यम से संयुक्त निरीक्षण तथा आर्किटेक्ट आधारित सेल्फ सर्टिफिकेशन व्यवस्था को भी बढ़ावा दिया गया है।

### भवन अनुमति सिस्टम डिजिटल होगा

राज्य सरकार ने भवन अनुमति प्रणाली को पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। एएलबीपीएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब ऑनलाइन आवेदन, एकीकृत भुगतान प्रणाली, डिजिटल हस्ताक्षरित भवन योजनाएं, ऑटो-डीसीआर द्वारा स्वचालित भवन परीक्षण, निर्माण प्रारंभ एवं पूर्णता की ई-सूचना तथा डिजिटल आक्यूपाई एवं कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

---

## खबर संक्षेप



### सिंधी पंचायत ने सदस्यों को दी नई जिम्मेदारी

रायपुर। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बैठक में अध्यक्ष महेश दरयानी, महासचिव बलराम पी. आहूजा एवं कोषाध्यक्ष कैलाश बालानी की अनुशंसा पर सिंधी समाज की प्रदेश पंचायत में मनोहर चंदनानी को प्रमुख सलाहकार, गौरव मंधानी को सह प्रवक्ता, अमर चंदनानी को सचिव पद से पदोन्नत कर उपाध्यक्ष, राजा संतवानी को उपाध्यक्ष, रतन वर्ल्यानी को सचिव, राजू चंदानी व विकास तनवानी को सचिव, सागर खटवानी तथा मनीष आहूजा को सहसचिव का नवीन दायित्व निर्वाहन पत्र मुखीजनों द्वारा सौंपा गया।

### तेलीबांधा तालाब में माता कर्मा या तेलिन दाई की मूर्ति लगाएं : कांग्रेस

रायपुर। तेलीबांधा तालाब के पास विनायक दामोदर सावरकर की मूर्ति लगाने के प्रस्ताव का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, तेलीबांधा तालाब छत्तीसगढ़ की धरोहर है। छत्तीसगढ़ के लोगों



विशेषकर साहू समाज की भावनायें तेलीबांधा तालाब से जुड़ी हुई हैं। यहां पर नाम भक्त माता कर्मा या तेलिन दाई की मूर्ति लगाई जाए। उन्होंने कहा, जो सावरकर गाय को गौमाता मानने का विरोध करते थे तथा गाय को एक चौपाया जानवर के अतिरिक्त कुछ नहीं मानते थे, उनको भाजपा, आरएसएस जबरिया हिन्दुत्व का पैरोकार बनाती है। सावरकर ने जेल से छूटने के लिए तथा जेल से छूटने के बाद आजादी की लड़ाई का भी विरोध किया था। गांधीजी और कांग्रेस का विरोध करने मात्र के लिए भाजपाई उनको महिमा मंडित करते हैं। उनकी मूर्ति तेलीबांधा तालाब में लगाया जाना गलत है। प्रदेश के सबसे बड़े समाज की भावनाओं का अपमान भी है। उनकी मूर्ति तेलीबांधा तालाब पर लगाये जाने का कोई भी उचित कारण नहीं है। अंग्रेजी सरकार से माफी मांगने वाले, अंग्रेजी सरकार से वजीफा लेने वाले माफीवीर की मूर्ति की जरूरत छत्तीसगढ़ में नहीं है।

---

## भारत माला मुआवजा घोटाला की दोबारा जांच के लिए संभाग कमिश्नर ने बनाई दो टीमें

# पहली जांच में उठे सवाल, नई कमेटी बने महीनाभर बीता, अब तक शुरू हो नहीं पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर और धमतरी जिले में भारतमाला परियोजना में बड़ा मुआवजा घोटाला हुआ है। इस मामले ने जब तूल पकड़ा, तो शासन के निर्देश पर तत्कालीन संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने जिन किसानों को मुआवजा नहीं या कम मिला तथा अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दावा-आपत्तियां मंगाई थीं।

इन आवेदनों के आधार पर चार समितियां बनाकर इसकी जांच कराई गई। जांच के लिए 6 बिंदु भी तय किए गए थे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपी गई। हालांकि इस जांच रिपोर्ट पर विपक्षी दलों के विधायकों ने यह कहकर आपत्ति जताई थी कि कई अहम बिंदुओं पर जांच ही नहीं की गई है, इसलिए इसकी दोबारा जांच होनी चाहिए। इसके बाद अब इस मामले में दोबारा जांच समितियां बनाई गई हैं, जिसे बने हुए माहभर हो चुका है, लेकिन जांच अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### पहली जांच में 40 ग्रामों से आई थी दावा-आपत्ति

संभाग कमिश्नर महादेव कावरे के कार्यकाल में भारत माला मुआवजा घोटाला मामले में 40 ग्रामों से दावा-आपत्तियां आई थीं। इसके अलावा कई शिकायतें भी आई थीं, लेकिन जांच समितियों ने सिर्फ दावा-आपत्ति से संबंधित आवेदनों के आधार पर जांच की थी। यह जांच समितियां 16 जून को गठित की गई थीं। इन समितियों में रायपुर और धमतरी जिले के सक्षम अधिकारी से लेकर विभिन्न तहसील क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल किए गए थे।



फाइल फोटो

### ईडी की एंट्री के बाद कई राज खुल रहे

इधर इस घोटाला मामले में पहले से ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम जांच कर रही है, वहीं जांच में तत्कालीन एसडीओ निर्भय साहू के खिलाफ ईओडब्ल्यू द्वारा की गई एफआईआर के बाद इस मामले में ईडी ने भी एंट्री मारी और प्रदेश के पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के चचेरे भाई भूपेंद्र चंद्राकर, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, गोपाल गांधी के ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें ईडी को कई अहम जानकारियां मिली हैं। संभावना यह भी है कि ईडी की इस जांच के बाद रायपुर और धमतरी जिले के लिए संभाग कमिश्नर ने अलग-अलग दो टीम गठित की है।

### तीन माह विलंब से पेश की गई थी रिपोर्ट

संभाग कमिश्नर ने चारों समितियों को एक माह में जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे, लेकिन समितियों ने जांच प्रारंभ करने में ही एक महीना से अधिक समय लगा दिया। इसके कारण जांच पूरी करने में लगभग चार माह का समय लग गया। इसे लेकर संभाग कमिश्नर ने भी समितियों पर गहरी नाराजगी जताई थी। जांच पूरी होने के बाद भी इस रिपोर्ट पर कई सवाल उठे। विधानसभा में इस रिपोर्ट पर विपक्षी दल के विधायकों ने अधूरी जांच होना बताया और कहा कि कई अहम बिंदुओं पर जांच नहीं की गई हैं, इसलिए जांच दोबारा किए जाने की मांग की थी।

### अब एक-एक खसरा नंबर भूमि की होनी है जांच

शासन के निर्देश पर तत्कालीन कमिश्नर महादेव कावरे ने अप्रैल 2026 में दोबारा इस मामले में जांच करने के लिए दो समिति गठित की है। इस कमेटी में भी कई सक्षम अधिकारी वहीं हैं, जो पुरानी समितियों में थे। इस बार जांच के लिए पुराने तय 6 बिंदुओं के अलावा अन्य कुछ बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। इसके तहत अब इस परियोजना से प्रभावित सभी किसानों की एक-एक खसरा नंबर की भूमि की भी जांच होगी और यह पता लगाया जाएगा कि जमीन का बटांकन कब और कैसे हुआ।

### कमिश्नर भी बदले पर जांच शुरू नहीं

जांच समिति बने एक माह से अधिक समय हो चुका है। इस बीच रायपुर संभाग के कमिश्नर भी बदल चुके हैं। महादेव कावरे की जगह श्याम धावड़े ले चुके हैं। सूत्रों से पता चला है कि नए कमिश्नर को पदभार ग्रहण किए भी लगभग सप्ताहभर हो चुका है, लेकिन उनके आने के बाद भी समितियों ने जांच शुरू नहीं की है।

### जमीन का बटांकन कब और कैसे इसकी भी जांच

जांच समिति में मैं भी शामिल हूं। पूर्व में हुई जांच आवेदनों के आधार पर की गयी थी। अब परियोजना में प्रभावित हुए किसानों के एक-एक खसरा नंबर जमीन के आधार पर होना है। जमीन का बटांकन कब और कैसे हुआ, इसकी भी जांच की जाएगी।

– रवि सिंह
एसडीएम, अभनपुर

---

## बिरगांव कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों को दिया नियुक्ति पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेंद्र सोलंकी द्वारा संगठन विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से ब्लाक कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, कांग्रेस पार्टी की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। मजबूत बूथ संगठन के माध्यम से ही पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी नव नियुक्त ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को एवं बूथ अध्यक्षों से जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर संगठन को और सशक्त बनाने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा जनता की आवाज बनकर कार्य करते हैं। संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाना सभी की जिम्मेदारी है। बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा, कांग्रेस पार्टी सदैव गरीब, किसान, मजदूर एवं आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर आगामी समय में कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

**ये थे मौजूद** : कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पंकज शर्मा का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष छबी धीवर, सतीश सिंह, सुरेंद्र यादव, राजाराम देवांगन, अविनाश निहाल, मंडल अध्यक्ष ज्वाला गोस्वामी, प्रमोद गौतम, प्रवेश पांडे, शेख बसीर, सुषमा वर्मा, रानी गोस्वामी, पुष्प लता वैष्णव, लूकेश्वरी लखन साहू, वैशाखु सागर, मोहन बंजारे, सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बूथ कांग्रेस अध्यक्ष, मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी और सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## नए शैक्षणिक सत्र के लिए स्थानांतरण नीति नहीं, शिक्षक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्य के हजारों शिक्षकों और शासकीय कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से स्थानांतरण नीति 2026 शीघ्र जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन ने इस संबंध में शासन सहित सामान्य प्रशासन विभाग को एक मांग पत्र प्रेषित किया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षकों और शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए समय-समय पर स्थानांतरण नीति जारी की जाती रही है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र और वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के बावजूद अब तक स्थानांतरण नीति 2026 जारी नहीं की गई है। इसके चलते हजारों शिक्षक और कर्मचारी अपनी पदस्थापना और स्थानांतरण को लेकर अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति में हैं। शिक्षक संघ का मानना है कि यदि सरकार इस विषय पर त्वरित और सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से नीति जारी करती है, तो इससे न केवल हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि शासकीय और शैक्षणिक कार्यों में भी प्रशासनिक गति आएगी।

### पारिवारिक स्थिति का रखें ध्यान

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्थानांतरण नीति के लिए कुछ सुझाव भी सामने रखे हैं। स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, वरिष्ठता, पारिवारिक स्थिति, दिव्यांगता, महिला कर्मचारियों की सहूलियत, गंभीर चिकित्सकीय आधार और दुर्गम क्षेत्रों में सेवा अवधि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट रूप से शामिल करने की मांग की गई है। इसके अलावा भ्रष्टाचार और अनावश्यक देरी पर लगाम कसने के लिए पूरी स्थानांतरण प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन और निष्पक्ष काउंसलिंग के माध्यम से पूरी करने, नीति जारी करने के साथ ही पूरी प्रक्रिया को समय पर संपन्न कराने के लिए एक निश्चित कैलेंडर जारी करने का भी सुझाव संघ की ओर से दिया गया है, ताकि शासकीय कार्यों में गति आ सके।

---

## धान की खेती के बदले औषधीय पौधों की खेती विषय पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान भवन रायपुर में अभनपुर क्षेत्र के किसानों की धान की खेती के बदले औषधीय पौधों की खेती विषय पर कार्यशाला हुई। इस दौरान बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष श्री शुक्ला ने अपने उद्बोधन मे अभनपुर ब्लाक से आए सभी किसानों को शासन की योजनाओं के बारे में एवं औषधीय पौधों से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। बोर्ड द्वारा किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें भ्रमण अध्ययन भी कराएंगे। उपाध्यक्ष श्री शुक्ला ने सभी को निशुल्क औषधीय पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में डीकेएस चौहान , प्रगति पटेल , खेलूराम साहू, रश्मि वर्मा, राघवेंद्र साहू, बिहारी लाल साहू, नेतराम साहू , ईश्वर साहू, रवि वर्मा भटगांव, हीरा वर्मा, यशोदा निर्मलकर, बिहारी लाल साहू , धात्री पाण्डेय व रश्मि पाण्डेय , अहिल्या दुबे एवं अभनपुर क्षेत्र से आए हुए समस्त किसानों ने कार्यक्रम में भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

---

## बैज ने कहा- साय सरकार ढाई साल में ही अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुकी

### प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं, सरकार लापरवाह बनी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ढाई साल में ही भाजपा की साय सरकार क्रूर और अत्याचारी बन गयी है। सरकार अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुकी है। सरकार में बैठे हुए लोग लगातार विपक्ष का दमन करने में लगे हैं। जनहित के काम सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता में नहीं है। प्रदेश के विकास कार्य तथा जनकल्याणकारी योजनाएं ठप हो गयी हैं। कानून व्यवस्था बदतर हो गयी है, अपराध बढ़ गये हैं।



राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, प्रदेश में नगरीय निकायों, पंचायतों के उपचुनाव चल रहे हैं, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही, विपक्ष के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। सूरजपुर जिले के शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव को प्रभावित करने के लिए भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस के चुनाव संचालक जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेन्द्र जैन के खिलाफ आर्म्स एक्ट का झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इसके विरोध में कांग्रेस के साथियों के साथ 26 मई को मैं धरने पर बैठा। 30 घंटे से अधिक धरने के बाद जब गूंगी-बहरी सरकार ने नहीं सुना, तो हमने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया।

### सत्ता का दुरुपयोग कर रही सरकार

उन्होंने कहा, भाजपा को इस बात का अहसास हो गया है कि वह चुनाव हार रही है तो वह सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। प्रदेश में कही भी लोकतंत्र के दमन की कोशिश होगी हमारे कार्यकर्ताओं पर अत्याचार होगा कांग्रेस इस कुचक्र का डटकर मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा, पिछले एक सप्ताह के अंदर कांग्रेस ने प्रदेश के दो आदिवासी संभागों बस्तर और सरगुजा में भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ बड़ा जनांदोलन छेड़ा।

### वो चाहते हैं विपक्ष का सब गुम जाए

श्री बैज ने मोबाइल चोरी के मामले पर सवाल उठाते हुए कहा, धरमलाल कौशिक का मोबाइल मिल गया, पुरंदर मिश्रा को ठगने वाला गिरफ्तार हो गया. अभी तक मेरा मोबाइल नहीं मिला। उन्होंने कहा, वो चाहते है विपक्ष का सब गुम जाए। सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए है।

---

## टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

# समितियों से किसानों को खाद मिलने में देर, डीएपी की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर संभाग में सहकारी समितियों से किसानों को खाद मिलने में हो रही देर और नई टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई समितियों में डीएपी की सप्लाई नहीं हुई है। ऐसे बुवाई के समय पर खाद न मिलने से किसान परेशान हैं और उन्हें मजबूरी में निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है। कृषि विभाग के अनुसार, रायपुर संभाग के सभी जिलों में समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों को उनके रकबे के आधार पर खाद वितरित की जा रही है। कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी समितियां भी सक्रिय हैं।

रायपुर संभाग में खाद वितरण के लिए राज्य सरकार द्वारा खरीफ सीजन के लिए नई खाद वितरण नीति और टोकन प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत समितियों से मिलने वाली खाद की मात्रा और प्रक्रिया



### संभाग में खाद की स्थिति

| जिला | लक्ष्य | भंडारण | वितरण |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 48750 | 18258 | 821 |
| गरियाबंद | 28500 | 12339 | 80 |
| बलौदाबाजार | 58350 | 22740 | 70 |
| महासमुंद | 60870 | 20863 | 80 |
| धमतरी | 38840 | 16661 | 200 |

में बदलाव किए गए हैं। किसानों की भूमि (रकबे) के आधार पर टोकन जारी किए जा रहे हैं। छोटे किसानों को एक टोकन में पूरी खाद, जबकि ढाई से पांच एकड़ वाले किसानों को दो से तीन टोकन में खाद दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्थिति और आपूर्ति संकट को देखते हुए यूरिया और डीएपी की मात्रा पिछले साल के मुकाबले सीमित की गई है। इस बार किसानों को यूरिया 80 प्रतिशत और डीएपी 60 प्रतिशत ही पारंपरिक रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

### विकल्प के रूप में नैनो खाद

समितियों में यूरिया और अन्य खाद उपलब्ध है, लेकिन डीएपी न होने के कारण किसान अभी उठाव नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि डीएपी आने के बाद एक साथ खाद ले जाएंगे। आरंग की समिति में यह देखा गया है कि खाद का स्टॉक 10 दिन पहले आया। किसान यहां पर उठाव कर रहे हैं। रायपुर जिले के किसान अधिकांश जगहों पर खाद का उठाव कर खेती की तैयारी में जूट गए हैं। खाद की कमी को देखते हुए शेष मात्रा की पूर्ति के लिए किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और जैविक खाद का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### बुवाई में देर का डर

समितियों में समय पर पर्याप्त खाद न पहुंचने के कारण किसानों की बुवाई पिछड़ने का अनुमान है। समितियों में खाद की किल्लत के चलते किसान समितियों के चक्कर लगाने में लगे हैं। संभाग में गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद जिले की समितियों में यूरिया, एनपीके और अन्य खाद कर उठाव कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यहां डीएपी की आपूर्ति न होने के किसान चिंतित हैं। कई किसान सभी खाद एक साथ उठाने लगातार समितियों के संपर्क में हैं।

### संभाग में 2 लाख 35 हजार टन उर्वरक का लक्ष्य

रायपुर संभाग में चालू खरीफ के लिए 2 लाख 35 हजार 290 टन उर्वरक का लक्ष्य तय किया गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 95 हजार 665 टन का भंडारण किया जा चुका है। किसानों ने अब तक 1251 टन से अधिक का उठाव कर लिया है।रायपुर जिले में सबसे अधिक 821 टन का उठाव किया गया है। उसके बाद धमतरी जिले में 200 टन, गरियाबंद में 80 टन, महासमुंद में 80 टन, बलौदाबाजार 70 टन उर्वरक का ठाव हुआ है। समितियों में खाद उपलब्धता के आधार पर अब उठाव तेजी से होने का अनुमान है।

---

## तीजन बाई गंभीर हालत में एम्स में, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का एम्स अस्पताल में उपचार जारी है। तीजन बाई को गंभीर हालत में अस्पताल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग में भर्ती किया गया है।

प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट (एमआईसीयू) में शिफ्ट किया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। अस्पताल के अनुसार, मरीज की शुरुआती जांच ट्रॉमा इमरजेंसी में डॉ. नमन द्वारा की गई, जिसके बाद उन्हें जनरल मेडिसिन विभाग में डॉ. पीएन वासनिक के निर्देशन में भर्ती किया गया। वर्तमान में तीजन बाई का उपचार बहु-विषयक मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मेडिसिन विभाग की डॉ. प्रणिता, पल्मोनरी मेडिसिन के डॉ. रंगनाथ और नेफ्रोलॉजी की डॉ. नीलम शामिल हैं। एम्स के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. डीके त्रिपाठी भी मरीज के उपचार और स्थिति की नियमित निगरानी कर रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने तीजन बाई की कंडीशन अभी भी क्रिटिकल बनी हुई है। हालांकि बुधवार से तीजन बाई की स्थिति में सुधार है, जब तीजन बाई उपचार के लिए लाई गई थीं, तब उनका बीपी काफी लो था, यूरिन आउटपुट काफी कम था, गुरुवार को दोनों में सुधार है।

## खबर संक्षेप

### दसवीं-बारहवीं की अंकसूची का वितरण 1 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल / हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 की अंकसूची एवं कक्षा 9वीं का नामांकन कार्ड का वितरण 01 जून 2026 को सभी संस्थाओं में किया जाएगा। जिले के सभी मान्यता प्राप्त हाईस्कूल / हायर सेकंडरी संस्थाओं को अंकसूची प्राप्त करने के लिए सूचित करने कहा गया है।

### संगठन की मजबूती, शिक्षा एवं सामाजिक एकता पर चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की महत्वपूर्ण प्रदेश कार्यसमिति बैठक गुरुवार को भामाशाह छात्रावास टिकरापारा में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान प्रदेश, जिला एवं समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए समाजजनों की उपस्थिति रही। प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने उदबोधन दिया। प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, तिलक साहू, साधना साहू, प्रदेश संगठन सचिव सुनील साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, प्रदेश महामंत्री चित्ररेखा साहू, उधो प्रसाद साहू, राजेश साहू, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका दिव्या कल्यारी, किसान प्रकोष्ठ संयोजक चोवाराम साहू, रायपुर राजधानी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष दिलीप साहू समेत समस्त प्रकोष्ठों के संयोजक, प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेशभर के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### देवपुरी सिंधी पंचायत के मुखी बने कोडवानी



**रायपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत संत गेलाराम नगर देवपुरी की सामान्य सभा की बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी दो वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ईश्वर कोडवानी को अध्यक्ष, लालचंद खूबचंदानी को संरक्षक, उपाध्यक्ष राजेश गिदवानी, महेश हरजानी को सलाहकार, अजय टेकवानी को सचिव, राजू काशवानी को कोषाध्यक्ष और विनोद काशवानी को सहसचिव चुना गया। इस मौके पर पंचायत के सभी सदस्यों ने पूरी कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. पल्लवी को किया सम्मानित



**रायपुर।** राजधानी रायपुर की बेटी डॉ. पल्लवी दुबे ने चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए नेफ्रोलॉजी सुपर स्पेशलिटी कोर्स में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के बाद उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। डॉ. दुबे वर्तमान में बेंगलुरु के मनिपाल हॉस्पिटल में किडनी रोग विशेषज्ञ (नेफ्रोलॉजिस्ट) के रूप में सेवाएं दे रही हैं। पिछले शनिवार को नई दिल्ली में हुए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने उन्हें गोल्ड मेडल और नेशनल सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. पल्लवी, रायपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राकेश दुबे और डॉ. रुचि दुबे की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक चिकित्सा शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता, पैनिक बुकिंग की आवश्यकता नहीं

## कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली गैस एजेंसी संचालकों की बैठक, समय पर डिलीवरी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति, दैनिक आवश्यकता एवं उपलब्धता की समीक्षा के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं जिले के सभी गैस एजेंसियों से जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एलपीजी वितरकों के गोदाम में उपलब्ध रिफिल सिलेंडर का स्टॉक का नियमित रूप से निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया जाए। वितरकों के पास उपलब्ध ऑनलाइन स्टॉक एवं भौतिक सत्यापन में पाए गए स्टॉक का अनिवार्य रूप से मिलान करें एवं मिलान में अंतर एवं अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि गैस एजेंसी डिलीवरी दर्शाकर समय पर डिलीवरी नहीं करते तो उन पर कड़ी कार्रवाई किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में अभी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है।

गैस एजेंसी संचालकों ने जानकारी दी कि उनके पास घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जिले में




उपभोक्ताओं की बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडरों की डिलीवरी सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि सप्लाई प्लांट से भी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अभी जिले में लगभग 3748 गैस सिलेंडर उपलब्ध है। गत दिवस 2222 गैस सिलेंडर डिलीवर किया गया था। जिले में 18 गैस एजेंसी संचालित हैं।

बैठक में गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि वे हितग्राहियों को उनकी बुकिंग और पात्रता के अनुसार निर्धारित क्रम में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं। साथ ही एजेंसियों को अपने स्टॉक का रिकॉर्ड नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा स्टॉक की जानकारी विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इस संबंध में उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गैस सिलेंडर की कमी से जुड़ी किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रम पर ध्यान न दें। साथ ही अनावश्यक रूप से लाइन में लगने या घरों में अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता होने पर ही गैस की बुकिंग कराकर सिलेंडर प्राप्त करें। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, प्रभारी खाद्य अधिकारी तेजपाल सिंह ध्रुव, खाद्य निरीक्षक सुशील शर्मा सहित जिले के गैस वितरकों के संचालक एवं प्रोपाइटर उपस्थित रहे।

### चर्चा: नपा उपाध्यक्ष ने कहा-गर्मी में पानी, साफ-सफाई और मुनादी कराई जाए

# 1 से 5 तक शहर में लगेंगे समाधान शिविर, तैयारी को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर सुराज अभियान के तहत तृतीय चरण में समाधान शिविर शहर में 1 से 5 जून तक आयोजित होंगे। शिविर की तैयारियों को लेकर डिप्टी कलेक्टर प्रति नियुक्ति मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोज खांडे के साथ नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने चर्चा की। इस दौरान पार्षद पीयूष साहू मौजूद रहे। इसके अलावा सूराज अभियान प्रभारी कर्मचारी दिलीप चंद्राकर, दुर्गेश कुंजेकर, नौशाद बक्स भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशों से 1 मई से 10 जून तक पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार आयोजित है। इसके तहत जनता को सुगमता के साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी देना, उनकी समस्या का समाधान कराना तथा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक जनहित के कार्यों को पहुंचाना है।

नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने प्रभारी सीएमओ से कहा कि समाधान शिविर



आयोजन के पहले व्यवस्था प्रभारियों को निर्देशित किया जाए। आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था हो। जहां-जहां शिविर आयोजन होना है उन स्थलों का पहले निरीक्षण कर साफ-सफाई कराई जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था कराई जाए।

जिला प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी पहुंचेंगे, उनके बैठने की समुचित व्यवस्था हो। जनप्रतिनिधिगण, पार्षदों एवं प्रेस-मीडिया को समाधान शिविर में आमंत्रित किया जाए। जिन वार्डों का समाधान शिविर आयोजित होना है उन वार्डों में मुनादी कराई जाए। हो सके तो वार्ड मोहर्रिर को डोर टू डोर जानकारी हेतु भेजा जाए। इसके अलावा शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन से स्वीकृत हुए भवनों के हितग्राहियों को अनुज्ञा पत्र वितरण कराया जाए। जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा सकता है, उनका त्वरित निराकरण हो। राठी ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत प्रथम समाधान शिविर नयापारा के स्व. दिलीप सिंह जूदेव भवन रविदास गार्डन के पास 1 जून सोमवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें वार्ड क्र. 2 से लेकर वार्ड क्र. 11 के नागरिकों की समस्याओं को सुना व निराकरण किया जाएगा। इसी तरह 3 जून को लोहिया चौक एवं 5 जून को टाउन हॉल में समाधान शिविर आयोजित होगा। शिविर में सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के अलावा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधिगण मुख्य रूप से जनसमस्या सुनने के लिए उपस्थित रहेंगे।

शहर के नागरिकों से राठी ने अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और अपनी समस्याओं से नपा एवं जिला प्रशासन को अवगत कराएं। जिला प्रशासन के सभी विभाग प्रमुखों का स्टॉल लगेगा, इसलिए सभी प्रकार की समस्या के आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म शिविर स्थल में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## अध्यक्ष प्रियांशु ने किया भाजयुमो पिथौरा मंडल कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- उपाध्यक्ष पद पर वेदप्रकाश निर्मलकर, जितेंद्र ध्रुव, आर्यन पटेल, बिमलेश चौरसिया एवं श्रेयांश श्रीवास्तव को सौंपी गई है जिम्मेदारी





भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के मार्गदर्शन, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा के निर्देशानुसार भाजपा मंडल पिथौरा अध्यक्ष आशीष शर्मा तथा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित द्वारा भाजपा युवा मोर्चा पिथौरा मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर वेदप्रकाश विक्की निर्मलकर, जितेंद्र ध्रुव, आर्यन पटेल, बिमलेश चौरसिया एवं श्रेयांश श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महामंत्री पद पर पोलेश मिश्रा एवं रोमन साहू नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार मंत्री पद पर दीपक डड़सेना, तरुण सोनी, युगल डड़सेना, खेमराज साहू एवं रवि वासुदेव को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में अभिनव प्राशु मिश्रा तथा सहकोषाध्यक्ष के रूप में तेजप्रसाद खूंटे को जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया प्रभारी आशुतोष कोसरिया, सहमीडिया प्रभारी कलश दीवान, सोशल मीडिया प्रभारी प्रतीक बोस, आईटी सेल प्रभारी सुनील राजपूत, प्रशिक्षण प्रभारी कौशल मानिकपुरी, प्रचार-प्रसार प्रमुख बलराम साहू, प्रमुख शासकीय एवं स्वशासी मंडल अंशुल सिन्हा, नीति एवं अनुसंधान प्रमुख तरुण साहू, खेल एवं कला प्रमुख शंकर बारीक तथा सह प्रमुख रामेश्वर दास को बनाया गया है।


इसी तरह विधि एवं तकनीक प्रमुख की जिम्मेदारी साकेत अग्रवाल को दी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नितेश पटेल, हेमसागर साहू, गजेंद्र राजपूत, डिगेश्वर साहू, विजय पटेल, विनोद साहू, किशन साहू, कीर्ति राजपूत, अजय ढीमर, अभिषेक वैष्णव, घुरवा पटेल, टिकेलाल बरिहा, लक्ष्मण बरिहा, राकेश निषाद, विवेक सिन्हा, प्रदीप यादव एवं हीराराम साहू को शामिल किया गया है।

## भाजपा के सुशासन में भ्रष्टाचार की छूट : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पूछा सवाल कि सिर्फ समिति प्रबंधक दोषी क्यों? भाजपा सरकार के प्राधिकृत अध्यक्षों को क्यों क्लीन चिट दी जा रही?
- धान जमा होने के साथ अंकित ने की अंतर राशि भी जमा करने की मांग

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने धान खरीदी की सीमा 31 जनवरी को खत्म होने और उठाव की सीमा 31 मार्च खत्म होने के बाद आज 29 मई याने उसके भी दो महीने तक समितियों को उनके द्वारा किए गए भ्रष्ट आचरण को छुपाने का पूरा सुअवसर जिला प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है।



अंकित ने बताया कि खरीफ में किसानों के खून पसीने की कमाई में डाका डाल कर पहले तो उनसे रकबा समर्पण करवाया, फिर टोकन और भौतिक सत्यापन के नाम पर तरसा तरसा कर धान लिया गया।



अंकित ने बताया कि बागबाहरा विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र संभर में प्राप्त जानकारी अनुसार 6075 कट्टा या 2430 क्विंटल धान की कमी पाई गई है और बजाय की विस्तृत और सूक्ष्म जांच के और तत्काल एफआईआर करवाने के उसे धान जमा करने की मोहलत दी जा रही है। अंकित ने सवाल उठाया कि या तो धान बिना खरीदे ही फर्जी नामों से खरीद कर भुगतान कर दिया गया। कुल 6075 कट्टा या फिर 2430 क्विंटल की गड़बड़ी क्या अकेले खरीदी प्रभारी कर सकता है। अब शासन ने खरीदी की 3100 से धान कमी आई 2430 क्विंटल कुल राशि होती है 75 लाख, अब 1600 में पूर्ति हो रही है मात्र 38 लाख ही हो रहा तो शेष साढ़े 36 लाख का फायदा कौन कौन बांटने वाला है।

इस संबंध का शिकायत पत्र अंकित ने कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर रवि साहू को सौंपा है। अंकित ने इस मामले में तत्काल एफआईआर कर सूक्ष्म जांच कर सभी शामिल लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

## आईटीआई में वीर सावरकर जयंती पर हुआ युवा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

(भारत सरकार) तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लभराखुर्द के संयुक्त तत्वाधान में विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर जागरुकता कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के निर्देशन और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और वक्ताओं ने वीर सावरकर जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं का मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि बदरुद्दीन ने कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का है। आईटीआई के छात्र अपनी इस तकनीकी शिक्षा का सही इस्तेमाल कर केवल नौकरी ढूंढने वाले न बनें, बल्कि आत्मनिर्भर (उद्यमी) बनकर देश के विकास में अपना योगदान दें। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र कुमार साहू ने स्वतंत्रता संग्राम में वीर




सावरकर के अद्वितीय योगदान और उनके जीवन संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। खिलेश्वरी ध्रुव ने युवाओं को महापुरुषों के जीवन मूल्यों और देश के गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण और समाज के सकारात्मक कार्यों में लगाएं। माय भारत से अशोक चक्रधारी ने युवाओं को भारत सरकार के माय भारत पोर्टल की उपयोगिता के बारे में बताया। वीर सावरकर जयंती पर युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनके विचारों को एक सुंदर मंच प्रदान करने के लिए संस्थान में निबंध प्रतियोगिता एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता प्रथम ऋतु साहू, द्वितीय स्थान भरत पाटकर, तृतीय देवेश कुमार रहे। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रथम यनिपा यादव, द्वितीय ऋतु साहू एवं तृतीय तोणाक्षी रहे। युवा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार, मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में इंभा मिंज, निशा सालोमन, गजानंद साहू, तुकाराम चौहान, एस चक्रधारी, राजेश कन्नौजे आदि मौजूद रहे।

## सुशासन तिहार शिविर की तैयारियों को लेकर पालिकाध्यक्ष ने ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार समाधान शिविर के आयोजन को लेकर पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में शिविर की रूपरेखा, विभागीय दायित्वों एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय आयोजन पूर्णतः प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रम होते हैं, इसलिए इनमें किसी प्रकार की राजनीतिक भावना नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ निष्पक्ष रूप से आमजन तक पहुंचाना ही प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। पालिकाध्यक्ष ने यह भी कहा कि नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सुशासन समाधान शिविर के आयोजन की वार्डवार सूचना समस्त पार्षदों एंव सभापतियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके एंव आमजन



तक शिविर की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। बैठक में शिविर स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, शिकायत पंजीयन काउंटर एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करते हुए शिविर में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण करना है, इसलिए सभी विभाग गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में प्रमुख रूप से डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार खांडे, उप अभियंता हेमंत पिस्दा, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्थापना प्रभारी करण कुमार यादव, जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, राशन कार्ड प्रभारी जितेंद्र मोहंती आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक/695/ वाचक / 2026
बागबाहरा, दिनांक 25/5/2026
रा.मा.क्र. ब/121 वर्ष 2025-26
ग्राम पचेड़ा पहनं 17 तहसील बागबाहरा

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम पचेड़ा पहनं 17 रानिमं खम्हरिया तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका छोटेलाल पिता रामप्रताद जाति सतनामी निवासी ग्राम पचेड़ा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री हेमा कुर्रे जाति सतनामी की जन्म दिनांक 25.8.2005 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 9/6/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज 25/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा

## बाजार पर गर्मी के साथ पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने की मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी के साथ ही अब पेट्रोल और डीजल के लगातार बढ़ते दाम के कारण राजधानी रायपुर में ही रोज करोड़ों का कारोबार प्रभावित हो गया है। गर्मी इतनी ज्यादा है कि लोग सामान लेने के लिए सुबह 10 बजे के बाद निकल ही नहीं रहे। यही नहीं, बाहर से माल लेकर आने वाले ट्रकों के पहिए भी दिन के समय में थम जा रहे हैं। डूमरतराई के थोक बाजार में 30 फीसदी कारोबार कम हो गया है। यहां पर रोज का करीब 12 करोड़ का कारोबार होता है। आलू-प्याज का तो 75 फीसदी कारोबार प्रभावित हो गया है। सब्जियों का धंधा जरूर कम प्रभावित हुआ है। इसकी भी दस फीसदी आवक और खरीदी कम हो गई है।

### *आलू-प्याज का कारोबार 25 फीसदी पर सिमटा*

*राजधानी रायपुर में भनपुरी आलू-प्याज की सबसे बड़ी मंडी है। यहां पर रोज 40 ट्रकों से ज्यादा माल आता है। लेकिन इस समय ऐसी मंदी का दौर चल रहा है जिसके कारण मुश्किल से 10 से 12 ट्रक माल ही आ रहा है। थोक प्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल के मुताबिक 75 फीसदी धंधा कम हो गया है। ग्राहक का टोटा होने के कारण कम माल मंगाना पड़ रहा है।*

### सब्जियों पर कम असर

जहां एक तरफ किराना सामान पर मंदी का भारी असर पड़ रहा है, वहीं सब्जियों पर इसका असर कम ही है। सब्जी जरूरी होने के कारण इसके ग्राहक ज्यादा कम नहीं हुए हैं। डूमरतराई थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी के मुताबिक मुश्किल से 10 फीसदी कारोबार प्रभावित हुआ है। सब्जियों के दाम ज्यादा होने के बाद भी भरपूर कारोबार हो रहा है।



## खबर संक्षेप

### सुबह से शाम खुल रहा शहीद स्मारक

**महासमुंद।** पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के खुलने का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं शाम को 6 बजे से 7 बजे तक है। शहीद स्मारक पर सजे फूल, देश के वीर जवानों की अमर कुर्बानी की तरह ही बेहद आकर्षक और मनमोहक लगते हैं। फूलों की महक और उनकी सुंदरता इस पवित्र स्थान के शांतिपूर्ण माहौल में और भी अधिक सकारात्मक ऊर्जा भर देती है।

### जिले के स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण 7 को

**महासमुंद।** जिले में संचालित समस्त स्कूल एवं कॉलेज वाहनों के भौतिक निरीक्षण के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 07 जून सुबह 09 बजे से विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूल बसों एवं अन्य शैक्षणिक वाहनों की जांच के लिए अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। सरायपाली क्षेत्र के वाहनों की जांच प्रतिभा पब्लिक स्कूल सरायपाली में, पिथौरा क्षेत्र के वाहनों की जांच सेंट फ्रांसिस स्कूल पिथौरा में, महासमुंद एवं बागबाहरा क्षेत्र के वाहनों की जांच पुलिस लाइन परसदा महासमुंद में तथा बसना एवं सांकरा क्षेत्र के वाहनों की जांच प्रतिभा पब्लिक स्कूल बसना में की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों, फिटनेस, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, वाहन दस्तावेज सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण कार्य के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी स्थल पर निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित होकर वाहनों की जांच करने तथा जांच प्रतिवेदन स्कूल बस शाखा प्रभारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



ग्रामीणों ने सुशासन तिहार में लगाई गुहार, बोले - बरसात से पहले की जाए झाड़ियों की साफ-सफाई और मार्ग में लगाए जाएं संकेतक भी

# कोमाखान से खट्टी मार्ग के दोनों ओर कंटीली झाड़ियां, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

कोमाखान-नर्रा-खट्टी मार्ग के दोनों ओर कटीली झाड़ियां उग आने से इस मार्ग पर सफर करने वालों को काफी परेशानी हो रही है। झाड़ियों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। वहीं मोड़ के आसपास स्थिति और भी बदतर हो जाती है। यहां हर वक्त दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

इस गंभीर समस्या को लेकर अब ग्रामीण मुखर होने लगे हैं। परसुली में आयोजित सुशासन तिहार (सुशासन उत्सव) के मंच से सेनभांठ गांव के जागरूक नागरिक नेताराम सिन्हा ने मार्ग पर कटीली झाड़ियों से हादसे का खतरा बताया। उन्होंने बरसात से पहले सफाई की मांग की। कोमाखान, नर्रा और खट्टी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर इन दिनों राहगीरों और वाहन चालकों का सफर जोखिम भरा हो गया है। सड़क के दोनों किनारों पर उगी कंटीली झाड़ियों घोयरा, बबूल, बेर, गंगा इमली व धतूरा और घने झुरमुट के कारण इस मार्ग पर हमेशा दुर्घटना अशंका बना रहता है।

स्पष्ट देखा जा सकता है कि डामरीकृत सड़क के ठीक किनारे दोनों ओर कंटीली झाड़ियां फैल चुकी हैं। इस क्षेत्र के लोगों कहना है कि इन झाड़ियों की वजह से विशेषकर अंधे मोड़ों पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं। रात के समय और तेज रफ्तार वाहनों के दौरान स्थिति और भी जानलेवा हो जाती है। इस मुद्दे को लेकर परसुली में आयोजित 'सुशासन तिहार के मंच पर ग्रामीणों ने आवाज बुलंद की है। ग्राम सेनभांठा के जागरूक नागरिक नेताराम सिन्हा ने इस जनहित के मुद्दे को सीधे संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा। नेताराम सिन्हा ने लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि आगामी बरसात का मौसम शुरू होने से पहले इस पूरे मार्ग की सघन सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि मानसून की पहली बारिश से पहले इन कंटीली झाड़ियों को नहीं काटा गया, तो बारिश के दिनों में ये और तेजी से बढ़ेंगी, और मार्ग पर चलना दूभर हो जाएगा।

### मनमानी : वेंटिलेटर में तड़पते रहे मरीज और सोता रहा विभाग

# बिजली विभाग की लापरवाही से श्याम हॉस्पिटल में 48 घंटे से ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

बिजली विभाग की तानाशाही और घोर लापरवाही ने श्याम हॉस्पिटल भंवरपुर के मरीजों को मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। पिछले 2 दिनों से अस्पताल में बिजली की लगातार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए अब एक-एक पल भारी पड़ रहा है, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं।

ज्ञात हो कि अस्पताल में पिछले 48 घंटों से जारी इस बिजली संकट ने स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह पंगु बना दिया है। सबसे भयावह स्थिति उन 3 मरीजों की है, जो वेंटिलेटर पर हैं। बिजली गुल होते ही मशीनों का बैकअप जवाब देने लगता है, जिससे




मरीजों की सांसें अटक रही हैं। बार-बार ट्रिपिंग के कारण वेंटिलेटर और मॉनिटर जैसी महंगी जीवन-रक्षक मशीनों के खराब होने का खतरा भी पैदा हो गया है। बता दें कि 2 दिनों से बिजली की आंख-मिचौली के कारण जनरल वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल हैं।

श्याम हॉस्पिटल भंवरपुर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हम 2 दिन से गुहार लगा रहे हैं। अस्पताल कोई सामान्य दुकान नहीं है, जहां काम बंद कर दिया जाए। यहाँ लोगों की जिंदगी का सवाल है। बिजली विभाग की यह चुप्पी आपराधिक लापरवाही

#### एई की बेरुखी, साहब को फोन किया, पर नहीं पसीजा दिल

हॉस्पिटल प्रबंधन का कहना है कि वे पिछले दो दिनों से लगातार सहायक अभियंता राकेश बारीक (एई) के संपर्क में हैं। उन्हें बार-बार बताया गया कि मरीजों की जान खतरे में है, लेकिन एई ने मौके की नजाकत को समझने के बजाय संवेदनहीनता की हद पार कर दी। फोन करने पर भी कोई तकनीकी सुधार नहीं किया गया, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग को किसी अनहोनी का इंतजार है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सहायक अभियंता किसी नेता के करीबी है। जिसके कारण उन्हें किसी भी चीज का भय नहीं है। इस सम्बंध में हमारे संवाददाता ने जब राकेश बारीक सहायक अभियंता को कॉल किया तो उनका फोन बंद मिला।

#### दोहरी मार: न बिजली मिली, न डीजल का सहारा

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही ट्रिपिंग के कारण बैकअप के तौर पर जनरेटर का सहारा लिया जा रहा था। लेकिन, अब बाजार में डीजल की किल्लत और आपूर्ति न होने की वजह से स्टॉक खत्म हो चुका है। ऐसे में यदि बिजली विभाग तुरंत आपूर्ति बहाल नहीं करता, तो वेंटिलेटर पर मौजूद 3 मरीजों की स्थिति काफी नाजुक हो सकती है।

#### परिजनों की चेतावनी: कुछ हुआ तो विभाग होगा जिम्मेदार

मरीजों के साथ आए रिश्तेदारों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। आक्रोशित परिजनों ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि बिजली की कमी के कारण किसी भी मरीज को खरोंच भी आती है, तो वे बिजली दफ्तर का घेराव करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित एई और बिजली विभाग की होगी।

# शहर में बरसात पूर्व नालियों की सफाई अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देशानुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी नालियों की व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई अमला लगातार नालियों से गाद, कचरा एवं अवरोधक सामग्री हटाने का कार्य कर रहे हैं, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो एवं नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बरसात से पूर्व नालियों की सफाई नगर पालिका की प्राथमिकता है। सभी वार्डों में नियमित मॉनिटरिंग कर सफाई कार्य कराया जा रहा है तथा जहां आवश्यकता है, वहां अतिरिक्त सफाई दल एवं मशीनें भी लगाई गई हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे नालियों में कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें तथा नगर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाने में सहयोग करें। स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि सफाई कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है एवं संबंधित कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका का प्रयास है कि वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी प्रमुख एवं आंतरिक नालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में नाली जाम या सफाई संबंधी समस्या हो तो उसकी जानकारी तत्काल नगर पालिका कार्यालय को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# विश्वविद्यालय विद्या परिषद की बैठक में शामिल हुईं अनुसुइया

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति सचिवालय के सभा कक्ष में कुलपति डॉक्टर सच्चिदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में विद्या परिषद की आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। जिसमें डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय बतौर सदस्य आमंत्रित की गई थी।
विदित हो कि विद्या परिषद में कुलपति द्वारा छत्तीसगढ़ के कुल 335 शासकीय महाविद्यालयों में से कुल पांच महाविद्यालय के प्राचार्यों को सम्मानित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस बैठक में पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर, विश्वविद्यालय के अनेक विभागों के डीन, पांच महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं उद्योगपतियों के मध्य विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार एवं अभ्यर्थियों के चिंहाकन के नियमावली में विधिक अभिमत संबंधी विचार, विश्वविद्यालय के संपूर्ण भूमि के सीमांकन संबंधी चर्चा, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के अर्जित अवकाश नगदीकरण, वार्षिक परीक्षा 2026 के केंद्रीय मूल्यांकन कार्य के लिए अग्रिम राशि के भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति के संबंध में विचार, विश्वविद्यालय के सामुदायिक भवन के आवंटन एवं किराया पुनर्निर्धारण के संबंध में विचार, सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने संबंधी विचार, सिंधी अध्ययन शाला भवन निर्माण संबंधी, शोध केंद्रों के पुनर्गठन एवं समेकरण के संबंध में विचार, पाठ्यक्रम सत्यापन शुल्क निर्धारित किए जाने संबंधी विचार, नामांकन नंबर में सुधार पर शुल्क अधिरोपित किए जाने संबंधी विचार एवं सीधी भर्ती एवं कैरियर एडवांसमेंट योजना के तहत चयन समिति की अनुशंसा संबंधी बंद लिफाफा खोले जाने संबंधी विचार सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# डीजल संकट से किसान त्रस्त, भाजपा सरकार की नाकामी : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- **प्रदेशभर में डीजल की एक-एक बूंद के लिए भटक रहे हैं किसान**

जिले में रबी फसल की कटाई के सबसे महत्वपूर्ण दौर में डीजल की भारी किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में पकी फसलें खड़ी हैं, हार्वेस्टर और ट्रैक्टर ठप पड़े हैं, जबकि सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इस गंभीर स्थिति को लेकर महासमुंद जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की किसान विरोधी नीतियों और प्रशासनिक विफलता का खामियाजा आज प्रदेश का अन्नदाता भुगत रहा है।

रश्मि ने कहा कि प्रदेशभर में किसान डीजल की एक-एक बूंद के लिए भटक रहे हैं, लेकिन सरकार को उनकी चिंता नहीं है। रबी फसल की कटाई के चरम समय में डीजल जैसी बुनियादी आवश्यकता उपलब्ध न करा पाना सरकार की घोर लापरवाही और नाकामी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि डीजल के अभाव में हार्वेस्टर और ट्रैक्टर खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। हजारों एकड़ में खड़ी फसलें कटाई का इंतजार कर रही हैं और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। यदि बेमौसम बारिश हुई तो किसानों की महीनों की मेहनत और लाखों रुपए की लागत मिट्टी में मिल जाएगी। लेकिन, भाजपा सरकार को किसानों की चिंता नहीं, उसे केवल प्रचार और वाहवाही की राजनीति से मतलब है। रश्मि ने कहा कि डीजल संकट ने सिर्फ रबी फसल को नहीं, बल्कि आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को भी प्रभावित कर दिया है। खेतों के समतलीकरण और मेढ़ सुधार में लगी जेसीबी मशीनें ईंधन के अभाव में बंद पड़ी हैं। मानसून आने में कुछ ही दिन बचे हैं, लेकिन सरकार की अव्यवस्था ने किसानों को असमंजस और संकट में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय किसानों के नाम पर बड़े-बड़े वादे करने वाली भाजपा सरकार सत्ता में आते ही किसानों को भूल गई है।



उन्होंने कहा कि भाजपा का किसान प्रेम केवल चुनावी मंचों और घोषणापत्रों तक सीमित है। जमीनी हकीकत यह है कि किसान आज डीजल, खाद और जरूरी संसाधनों के लिए दर-दर भटक रहा है। सरकार की नाकामी के कारण फसल कटाई से लेकर खरीफ की तैयारी तक सब कुछ प्रभावित हो चुका है। यह सरकार किसानों की नहीं, केवल प्रचार की सरकार बनकर रह गई है। रश्मि ने मांग की कि महासमुंद सहित पूरे प्रदेश में कृषि कार्यों के लिए डीजल की तत्काल और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ और किसानों की फसलें खराब हुईं, तो कांग्रेस किसानों के साथ सड़क से लेकर सदन तक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि किसान केवल वोट बैंक नहीं हैं। यदि उनकी मेहनत और आजीविका के साथ खिलवाड़ किया गया, तो भाजपा सरकार को इसका जवाब जनता के बीच देना पड़ेगा।

# सुशासन तिहार का अंतिम दौर के शिविर में सरला ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिया समाधान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत सरायपाली विधानसभा के ग्राम पंचायत पुजारीपाली में सरायपाली विकासखंड का छठवां और अंतिम जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों से कुल 554 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, उपाध्यक्ष मुकेश पटेल, जनपद सदस्य दीनता कुम्हार, उद्धव नंद, राजेश मेहर, रेशम पटेल, उषा पटेल व भाजपा के पदाधिकारी, सरपंच सहित प्रमुख रूप से एसडीएम व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सरला कोसरिया ने भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग को 24 घंटे के भीतर खराब ट्रांसफार्मरों को सुधारने तथा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर रिजर्व में रखने




और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली देने के निर्देश दिए।

केंदुवां भाजपा मंडल अध्यक्ष दंडधर साव से प्राप्त शिकायत पर बाराडोली के डिपापारा में अत्यधिक लोड होने के कारण 25 केवी ट्रांसफार्मर को 63 केवी ट्रांसफार्मर अतिशीघ्र लगाने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है, साथ ही एसडीएम को इसकी सतत निगरानी करने के लिए कहा गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को निर्देशित किया गया कि खराब हैंडपंपों की मरम्मत और आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक मांग के अनुरूप नए बोर खनन कर जल आपूर्ति के लिए कहा गया है। ताकि, ग्रामीण भाई बहनों को पेयजल के लिए भटकना और परेशानियों का सामना न करना पड़े। नल-जल योजना के तहत निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण करने और शासन से निर्धारित समय सीमा पर नल जल योजना चालू नही होने ठेकेदार के अनुबंध निरस्त और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वन विभाग को बारिश से पहले पौधा तैयार कर व्यापक वृक्षारोपण एवं संरक्षण सुनिश्चित करने, साथ ही क्षेत्र में स्थित पहाड़ी इलाकों को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कर वृहद वृक्षारोपण करने और उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेवारी तय कर आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार सहित विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किट वितरण भी किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश में सभी खुशहाली से अपना जीवन यापन करें, अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के विकास को ध्यान में रखकर काम करने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी विभाग के अधिकारी गांव में जाकर ग्रामीण जनों के समस्याओं का निदान समय पर करने के लिए निर्देशित किया है।

इस शिविर में मल्दामाल से एक संवेदनशील मामला आया था। जिसके पति का निधन तीन वर्ष पूर्व हो चुका था, उसके तीन बच्चे है। जिसमें से एक बच्चा न देख सकता है न सुन सकता है और आर्थिक रूप से अत्यंत गरीब है व वह पीड़िता पति-पत्नी दोनों तेंदूपत्ता कार्डधारी है। परंतु पंचायत सचिव, स्थानीय वन प्रबंधन समिति की लापरवाही और वन विभाग की उदाशीनता की वजह से उसे मिलनी वाली सहायता राशि तीन वर्ष बाद भी आज पर्यंत तक नही मिली थी, जिसे छत्तीसगढ़ शासन में महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने विशेष प्रकरण मानते हुए तत्काल अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा को इस प्रकरण के निराकरण करने और पीड़ित परिवार को अतिशीघ्र सहायता राशि दिलाने के लिए प्रकरण को सौंपा है।

### जिले में राइस मिलों का संयुक्त भौतिक सत्यापन के लिए जांच दल गठित

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत जिले की राइस मिलों द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए उठाए गए धान की मात्रा, शेष धान, निर्मित चावल तथा भारतीय खाद्य निगम में जमा किए गए चावल के संयुक्त भौतिक सत्यापन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जांच दल गठित किए गए हैं। कलेक्टर लंगेह के निर्देशानुसार महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली विकासखंडों में संयुक्त जांच दल द्वारा राइस मिलों का निरीक्षण किया जाएगा। प्रत्येक दल में संबंधित मुख्यालय के तहसीलदार, प्रभार क्षेत्र के सहायक खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक तथा जिला विपणन अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। संयुक्त जांच दल द्वारा राइस मिलों में उपलब्ध शासकीय शेष धान एवं चावल के साथ-साथ निजी धान एवं चावल का भी भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत संयुक्त हस्ताक्षरित प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्रस्तुत किया जाएगा।

